Indian Institute of Technology Mandi

<u>**प्रेस नोट**</u>

**आईआईटी मंडी में 'युवा संगम' कार्यक्रम की हुयी शुरुआत**

**कार्यक्रम में हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के 45 छात्र आईआईटी गोवा जाएंगे वहीं आईआईटी गोवा के 45 छात्रों की मेजबानी करेगा आईआईटी मंडी**

**मंडी, 12 मई 2023:** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी द्वारा 12 मई 2023 को हरी झंडी दिखाकर युवा संगम कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के 45 छात्रों के समूह ने आईआईटी मंडी से आईआईटी गोवा के लिए अपनी यात्रा की शुरूआत की है। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री नेक राम शर्मा व मंडी की अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी ने शिरकत की।

भारत सरकार की पहल को ध्यान में रखते हुए बाजरा के उत्पादन और खपत को बढ़ाने के लिए जागरूकता पैदा करने को युवा संगम कार्यक्रम के दूसरे चरण के पहले सत्र में छात्र प्रतिनिधियों ने हिमाचल प्रदेश के पद्म श्री नेक राम शर्मा के साथ बातचीत की। पद्म श्री नेक राम शर्मा स्वदेशी और जैविक खेती को लोकप्रिय बनाने और बढ़ावा देने के लिए जाने जाते हैं।

संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुरूप इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 ' के अंतर्गत छात्रों के साथ उनकी चर्चा का फोकस हिमालयी क्षेत्र में स्वदेशी खाद्यान्न के विकास पर था जो सदियों से लोगों के आहार का एक अभिन्न हिस्सा रहा है।

**छात्रों से बातचीत के दौरान पद्मश्री नेक राम शर्मा ने कहा**, "भोजन के घटते पोषक तत्व, कम मात्रा में फाइबर का सेवन और फास्ट-फूड की संस्कृति हमारे स्वास्थ्य को खराब कर रही है। वहीं बाजरा अत्यंत पौष्टिक, पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ होता है। इसलिए आज के युवाओं को प्राकृतिक खेती के बारे में अधिक जानने का प्रयास करना चाहिए और अपने आहार में मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए।"

भारत के माननीय प्रधान मंत्री द्वारा एक भारत श्रेष्ठ भारत का विचार यहाँ के सांस्कृतिक अंतर को पाटने और भारत के विभिन्न राज्यों के बीच एक सांस्कृतिक संबंध बनाने के लिए संकल्पित है। इसका उद्देश्य युवाओं को हमारे सांस्कृतिक मूल्यों से परिचित करवाना और हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता के महत्व को बढ़ावा देना भी है।

**कार्यक्रम की शुरुआत में हरी झंडी दिखाने के दौरान मंडी की अतिरिक्त उपायुक्त निवेदिता नेगी ने कहा**, "भारत सरकार की यह पहल हमारे युवाओं को हमारे देश की सांस्कृतिक विविधता से परिचित कराने के लिए है। आईआईटी मंडी द्वारा वित्त पोषित यह यात्रा छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर है जिसमें वह हमारी संस्कृति, प्रौद्योगिकी, पर्यटन आदि के बारे में और अधिक जान सकेंगे। "

**सभा को संबोधित करते हुए आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा**, "आईआईटी मंडी ने सतत कृषि को सशक्त बनाने के लिए सतत विकास की पहल शुरू की है। संस्थान जैविक खेती और जलवायु नियंत्रण कृषि जैसे पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके खेती को लाभकारी बनाकर कृषि में उद्यमी बनाने की दिशा में काम कर रहा है। आईआईटी मंडी इस युवा संगम कार्यक्रम के लिए नोडल संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है और हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के ***45*** छात्र प्रतिनिधियों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक दौरे के लिए उनकी यात्रा का वित्तपोषण भी कर रहा है।"

12 मई 2023 को हिमाचल प्रदेश और लद्दाख के छात्रों के समूह ने आईआईटी गोवा का जाने की शुरूआत की वहीं 17 मई 2023 को गोवा के छात्रों का समूह आईआईटी मंडी परिसर पहुंचेगा और 23 मई 2023 को वापस जाएंगे।

इस यात्रा के दौरान छात्रों को अपने देश की एक पूरी तरह से अलग संस्कृति का अनुभव करने का मौका मिलेगा।

यात्रा का विवरण इस प्रकार रहेगा :

18 मई 2023 - आईआईटी मंडी के विभिन्न अत्याधुनिक अनुसंधान संस्थाओं का दौरा

19 मई 2023 – रेवालसर कस्बे का भ्रमण

20 मई 2023 – मनाली और अटल टनल का भ्रमण

21 मई 2023 - लारजी बांध और मंडी का दौरा

22 मई 2023 - सलगी और नंदली गाँवों का भ्रमण कर स्थानीय लोगों से बातचीत

युवा संगम एक सांस्कृतिक और शैक्षणिक ज्ञान के आदान-प्रदान का कार्यक्रम है जोकि 18 से 30 वर्ष के आयु वर्ग के छात्रों के लिए शुरू किया गया है। यह मुख्य रूप से उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों और कुछ ऑफ-कैंपस युवाओं को एक राज्य से दूसरे राज्य में युवाओं को एक्सपोजर टूर प्रदान करता है। इस कार्यक्रम को शिक्षा, पर्यटन, युवा मामले, पर्यटन और रेलवे सहित कई मंत्रालयों का सहयोग प्राप्त है। आईआईटी मंडी में छात्र प्रतिनिधियों के दौरे के दौरान संस्थान उनके लिए राज्य के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत करने की व्यवस्था करेगा। इस यात्रा के दौरान छात्रों को आईआईटी मंडी के शैक्षणिक रूप से बेहतर वातावरण और हिमाचल प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और शानदार परिदृश्य का अनुभव कराया जाएगा।

###

## आईआईटी मंडी के बारे में

आईआईटी मंडी में नौ शैक्षणिक स्कूल और पांच प्रमुख अनुसंधान केंद्र हैं। स्कूल बायोसाइंसेस और बायोइंजीनियरिंग (एसबीबीई), स्कूल ऑफ केमिकल साइंसेज (एससीएस), स्कूल ऑफ मैथमेटिकल एंड स्टैटिस्टिकल साइंसेज (एसएमएसएस), स्कूल ऑफ फिजिकल साइंसेज (एसपीएस), स्कूल ऑफ मैकेनिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग (एसएमएमई), स्कूल हैं। सिविल एंड एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग (SCENE), स्कूल ऑफ़ कंप्यूटिंग एंड इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (SCEE), स्कूल ऑफ़ ह्यूमैनिटीज़ एंड सोशल साइंसेज (SHSS), और स्कूल ऑफ़ मैनेजमेंट (SOM)। उन्नत सामग्री अनुसंधान केंद्र (AMRC), विद्युत उपकरणों के डिजाइन और निर्माण केंद्र (C4DFED), BioX केंद्र, भारतीय ज्ञान प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य अनुप्रयोग केंद्र (IKSMHA केंद्र) और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक्स केंद्र हैं।

संस्थान से बी.टेक की शिक्षा सात अलग-अलग स्ट्रीम से प्राप्त की जा सकती है। वहीं एक स्ट्रीम में एम.ए. पाठ्यक्रम, दस प्रकार की स्ट्रीम में एम.टेक पाठ्यक्रम की शिक्षा प्राप्त की जा सकती है। इसके अतिरिक्त नौ पीएच.डी. कार्यक्रम, और एक आईपीएचडी कार्यक्रम की शिक्षा उपलब्ध है। चार वर्षीय बी.टेक पाठ्यक्रम में यहाँ प्रोजेक्ट उन्मुख शिक्षा प्रदान की जाती है जोकि डिजाइन और इनोवेशन स्ट्रीम के आसपास केंद्रित होती है। संस्थान की स्थापना के बाद से IIT मंडी के शिक्षक 275 से अधिक अनुसंधान और विकास (R&D) परियोजनाओं में शामिल रहे हैं, जिनकी लागत 120 करोड़ रुपये रही है।

आइआइटी मंडी ने भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (DST) से 110 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण धनराशि प्राप्त की जिससे कमांड में स्थित अपने परिसर में IIT मंडी iHub और HCI फाउंडेशन (iHub; एक सेक्शन-8 कंपनी) की स्थापना की गयी है। आईहब की योजना अनुसंधान और प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देना है ताकि कौशल विकास, स्टार्टअप और नवाचार, और भारत में HCI और संबद्ध AI / ML क्षेत्रों में सहयोग किया जा सके। आइआइटी मंडी भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल की इनोवेशन अचीवमेंट्स संस्थानों की अटल रैंकिंग में सातवें स्थान पर आने वाली दूसरी पीढ़ी का एकमात्र आइआइटी संस्थान है।

**Twitter:** @iit__mandi
**Facebook**: IIT Mandi
**Website:** https://www.iitmandi.ac.in

---

**MEDIA CONTACT FOR IIT MANDI**


**IIT Mandi Media Cell:** mediacell@iitmandi.ac.in / **Landline:** 01905267832

Bhavani Giddu - Footprint Global Communications
Cell: 9999500262 / Email: bhavani.giddu@footprintglobal.com
Kajal Yadav - Footprint Global Communications
Cell: 88059 66194 / Email ID: kajal.yadav@footprintglobal.com
Puja Panda - Footprint Global Communications
Cell: 86280 39359 / Email ID: puja.panda@footprintglobal.com